संक्षिप्त

पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन

शाहपुरा। शाहपुरा उपखंड क्षेत्र के ग्राम राजपुरा में 2 वर्षों से ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने विकास अधिकारी को ज्ञापन सौपकर पेयजल आपूर्ति की मांग की। ज्ञापन में बताया कि राजपुरा गाँव में पिछले 2 वर्षों से पानी की समस्या चल रही है। बार – बार पंचायत प्रशासन को अवगत कराया गया लेकिन पानी की समस्या का आज तक कोई सुधार नहीं हुआ है। ग्रामीणों द्वारा अपने पैसों से टैंकर डलवाकर प्यास बुझाने की मजबूरी बनी हुई है। शीध्र पेयजल आपूर्ति समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों द्वारा प्रदर्शन की चेतावनी दी। इस दौरान एडवोकेट सीएम अटल, वार्डपंच पंकज शर्मा, जेपी लोमोड सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बच्चों को किया जागरूक

टोंक। महात्मा गांधी प्राथमिक विद्यालय यूसुफपुरा चराई टोंक में बालिका दिवस के अवसर पर बच्चों को जागरूक किया साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के दस वर्ष पूर्ण होने पर बाल अधिकारिता विभाग राजस्थान के निर्देशानुसार स्कूलों कॉलेजों बाल ग्रह बालिका आवासीय विद्यालयो में 22 जनवरी 2025 से 8 मार्च 2025 तक विभिन्न स्थानों पर जागरूकता गतिविधियां की जाएगी। इस दौरान परियोजना अधिकारी चाइल्ड हेल्प लाइन कमलेश सेनी व श्री मान नवल खान सहायक निदेशक महोदय जिला बाल संरक्षण इकाई टोंक के मार्गदर्शन में चाइल्ड हेल्प लाइन टीम से राहुल गजरा सुपरवाइजर ने बताया कि चाइल्ड हेल्प लाइन किस प्रकार से काम करती है यह 24 7 दिन चलने वाली आपातकालीन फोन सेवा है साथ ही पीसीपीएनडीटी एक्ट के बारे मे जानकारी दी। ओर टीम से काउन्सलर रोशनी बैरवा ने बाल अधिकारों पर जानकारी दी। और ममता जोनवाल केस वर्कर ने बाल विवाह, बाल मजदूरी, पॉक्सो कानून, बाल हिंसा के बारे मे जानकारी दी। इस दौरान स्कूल प्रधानाध्यापक डॉ. राजेश चंदेल व स्टाफ साथी उपस्थित रही।

सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर विस्तृत जानकारी दी

सांभरझील। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती यहां नीम रोड मार्ग स्थित आदर्श विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाई। मुख्य अतिथि राजकीय शाकंभर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य व अंबेडकर चेतना समिति के पदाधिकारी कैप्टन डॉ. ज्ञान प्रकाश दायमा व अन्य अतिथियों ने बोस की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया, पुष्प हार पहनाकर उन्हें श्रद्धा से याद किया। विद्यार्थियों को डॉक्टर दायमा ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस बंगाली कायस्थ परिवार से ताल्लुक रखते है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा उन्हीं का दिया हुआ था और उन्हें देश में नेताजी के नाम से भी पहचान मिली।

'आत्मविश्वास के साथ कड़ी मेहनत ही सफलता दिलाती है'

- बालिका दिवस पर जिला कलेक्टर ने जिले की प्रतिभावान बेटियों को सम्मानित कर उनसे व परिजनों से किया संवाद

अलवर। जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने जिले में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं से बातचीत करते हुए कहा कि आत्मविश्वास के साथ कड़ी मेहनत करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। लक्ष्य प्राप्ति के दौरान बीच में मिलने वाली असफलताओं से सीख लेकर लगातार आगे बढ़ते रहना चाहिए।

जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग द्वारा 'एंपावरिंग अलवर गर्ल्स: डायलॉग विद डिस्ट्रिक कलक्टर' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में जिले की 10 वीं एवं 12वीं कक्षा की टॉपर बालिकाओं से संवाद करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि आप सभी यहां अपनी स्वयं की प्रतिभा के बल पर उपस्थित हुई है। आगामी 15 वर्ष में अनुकूल या प्रतिकूल परिस्थितियों में भी आप सभी अपनी काबिलियत के बल पर सर्वोच्च मुकाम हासिल कर सकती हैं। जिला कलेक्टर ने बालिका स्वाति, प्रियंका, अंकिता, भूमिका, शिक्षक स्वाति शर्मा एवं बच्चियों के परिवारजनों द्वारा कैरियर गाइडेंस एवं आईएएस कैसे बना जाए इत्यादि प्रकार के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि पहले अपने लक्ष्य का निर्धारण करें, तत्पश्चात अपने परिवारजनों, शिक्षकों व आइडियल से प्रेरणा लेकर कठोर मेहनत करते हुए लक्ष्य प्राप्ति करें।

कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में बालिकाओं का सम्मान किया ।

उन्होंने बालिकाओं के परिवारजनों से भी अपील करते हुए कहा है कि बच्चियों को अपनी शैक्षिणक प्रतिभा को निखारने का पूर्ण मौका दें, पढ़ाई के अलावा अन्य कार्य में ना लगाएं। जिला कलेक्टर ने अपने जीवन के अनुभवों एवं आईएएस बनने की यात्रा के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत करवाते हुए बालिकाओं की जिज्ञासाओं को सुनकर अपने सुझाव दिए।

उन्होंने कहा कि जीवन में कभी पूर्ण संतुष्टि प्राप्त नहीं होती है, हमेशा ओर अच्छा करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। सभी बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ अपने सर्वांगीण विकास पर बल दें, उसी से आपके व्यक्तित्व में निखार होता है। उन्होंने कहा कि आईएएस बनने के लिए किसी विशेष स्किल की आवश्यकता नहीं होती है, ना ही ग्रामीण व शहरी परिवेश का असर होता है, बल्कि आत्मविश्वास के साथ कड़ी मेहनत ही सफलता दिलाती है। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक ऋषिराज सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को अपने विचार व्यक्त करने का मंच प्रदान करना, जिला प्रशासन को बालिकाओं की समस्याओं और आकांक्षाओं से अवगत कराना तथा बालिकाओं को प्रेरित करना और उनके अधिकारों व सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

प्रधानमंत्री मोदी से ''परीक्षा पे चर्चा'' करेगी छात्राएं

सांभरझील। दरबार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 11 विज्ञान संकाय की छात्रा जाह्नवी शर्मा ''परीक्षा पे चर्चा'' कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए संवाद करेगी। स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से परीक्षा पे चर्चा 2025 का आयोजन 24 से 29 जनवरी तक नई दिल्ली स्थित भारतमंडपम में किया जाएगा।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। प्रधानाचार्य टीकम मालाकार ने कहा कि हमारी छात्रा का इस कार्यक्रम के लिए चयन होना, हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

कार्यक्रम में भाग लेने के लिए राजस्थान से तीन विद्यार्थी चुने गए हैं। इसके अलावा पीएम श्री सेठ भीकमचंद मूथा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, पीपाड़ सिटी जोधपुर से खुशी व महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय, सिविल लाइन भरतपुर से चेष्टा शर्मा शामिल हैं।

विधायक धनकड़ ने किया सुलभ शौचालय का शिलान्यास

पावटा। नगरपालिका पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र के पावटा कस्बा सुभाष चौक स्थित वार्ड नंबर 16 लाखुड़ी में विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य में सुलभ शौचालय का शिलान्यास किया गया। सुभाष चौक पावटा कस्बे का सबसे व्यस्त इलाका है। इसके पास ही होली चौक, पुराना रोड पर मुख्य बाजार स्थित है। जो इलाका सबसे ज्यादा व्यस्त माना जाता है। यहां खरीदारी करने आ रही महिलाओं के लिए विशेष तौर पर शौचालय की आवश्यकता थी। जिसके मद्देनजर महिलाओ व राहगीरों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए शौचालय का शिलान्यास किया गया है।

शिलान्यास के दौरान आसपास के व्यापारियों ने विधायक कुलदीप धनकड के इस सराहनीय कदम की खूब प्रशंसा की। इस मौके पर विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि यहां पर शौचालय की बहुत आवश्यकता थी। आने-जाने वाले लोगों और खासतौर पर महिलाओं को इस शौचालय के बनने से राहत मिलेगी।

विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य में सुलभ शौचालय का शिलान्यास किया गया।

स्वच्छता है जहां, स्वास्थ्य है वहां के तहत इस पहल का उद्देश्य क्षेत्रवासियों की सुविधा को बढ़ाना और स्वच्छता को प्रोत्साहित करना है। सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह शौचालय स्थानीय निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन साबित होगा, जो स्वच्छता और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक रहेगा। यह कदम स्वच्छ भारत अभियान के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक और प्रयास है।

इस दौरान पावटा बालाजी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, चेयरमेन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, संतोष गुप्ता, कन्हैयालाल मीणा, विजय गुप्ता, बद्री प्रसाद चौहान, रोहिताश ताखड, मनोहर सिंह, राजेश शर्मा, भवानी अग्रवाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पुरस्कार वितरण समारोह आज

निवाई। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव व भामाशाह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय प्रधानाचार्या लक्ष्मी शर्मा ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि विधयक रामसहाय वर्मा, विशिष्ट अतिथि सीबीइओ मंजू मीणा, प्रधान रामअवतार लांगडी, पार्षद ओमप्रकाश गुप्ता, पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंवरिया, भाजपा शहर अध्यक्ष अंकुर गुप्ता, भाजपा नेता रामप्रसाद शर्मा व रतनदीप गुर्जर होंगे।

इसी प्रकार सीदडा विद्यालय के प्रधानाचार्य बीरबल मीणा ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सीदडा में पूर्व छात्र सम्मेलन, प्रतिभा सम्मान, भामाशाह सम्मान एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय झिलाय में 27 जनवरी को नवीन विद्यालय भवन का लोकर्पण व वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रधानाचार्या अनुराधा वर्मा ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, विधायक रामसहाय वर्मा व संत प्रकाशदास सहित कई जनप्रतिनिधि भाग लेंगे।

सार-समाचार

शैक्षिक बाल मेले का आयोजन

मालपुरा। शिक्षा विभाग के आदेशानुसार कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय मालपुरा मे शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय शैक्षिक बाल मैले का आयोजन किया गया। समारोह मे भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन,भाजपा के पूर्व प्रदेश पदाधिकारी एवं व्यापार प्रकोष्ठ के वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र कोठयारी,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा प्रधानाचार्या अल्का पारीक, ने बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुये बाल मैले मे छात्राओं द्वारा लगाई गई स्टॉल व प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुये कहा कि परिवार की हर मुसीबत को सुलझाती है बेटियां। अल्का पारीक ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुये राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहै कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय मे बालिकाओं को दी जाने वाली शिक्षा व सुविधा के साथ-साथ संस्कार पर विस्तार से अपना उदबोधन दिया। बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की शानदार प्रस्तुतीयों से सबका मन मोह लिया।

बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

चाकसू। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निमोड़िया में आयोजित वार्षिकोत्सव में शुक्रवार को बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि कैलाश शर्मा ने कहा कि विद्यालय के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी। शर्मा ने विद्यालय की छत की मरम्मत तथा विद्यालय में फर्नीचर स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। जिसमें सपना गोठवाल, रीना बैरवा, कृष्णा बैरवा, दिव्या कंवर, भावना शर्मा को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विनोद शर्मा, राधाकृष्ण शर्मा, पूर्व विद्यार्थी दिनेश शर्मा, प्रहलाद जाट एसडीएमसी के हनुमान शर्मा तथा विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी वरिष्ठ लेखक राम नरेश शर्मा, सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञान सिंह मीणा, उपप्रधानाचार्य तारकेश्वरी गुर्जर सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। इस दौरान कार्यक्रम का मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापक चंद्रशेखर शर्मा व मुकेश चौधरी ने किया।

झांकियां निकाली

कोटपूतली। अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में निकटवर्ती ग्राम अजीतपुरा कलां में शुक्रवार को बजरंग दल के सदस्यों एवं ग्रामीणों द्वारा विभिन्न झांकियां निकाली गई। इस अवसर पर भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण व हनुमान जी, भगवान शिव शंकर समेत अन्य झांकियां निकाली गई। इस मौके पर भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना करके प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान सरपंच नेतराम ताखर, धर्मवीर पहलवान, मनोज जांगिड़, हवासिंह, धर्मवीर मीणा, विजय ताखर, प्रवीण चौधरी, अजय चौधरी, राकेश पंवार, सतवीर कुमावत, अमन सैन, राजेश दलाल, टिंकू कुमावत, सचिन राठौड, विजेंद्र जाट, रामकुमार मीणा, नीरज ताखर, अशोक महाराज, बजरंग मीणा समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

कलशयात्रा आज

निवाई। गांव हिंगोटिया में रविवार से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। रघुनाथ महाराज मंदिर समिति के अध्यक्ष व पूर्व सरपंच सूरजकिरण तिवाडी ने बताया कि हिंगोटिया में पंडित गिरिराजप्रसाद शर्मा के सानिध्य में 26 जनवरी से श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा का शुभारंभ भव्य कलशयात्रा के साथ किया जाएगा जिसमें 121 महिलाएं कलश धारण करेंगी। बालाजी के मंदिर से कलशयात्रा पूजा अर्चना के साथ रवाना होगी जो गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल सीताराम जी के मंदिर में पहुंचेगी जहां पर विद्वान पंडितों के सानिध्य में मंत्रोच्चारण के साथ कलशों की स्थापना की जाएगी एवं पंडित गिरिराज शर्मा के सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा।

पौष बड़ा महोत्सव आज

चाकसू। कस्बे के फागी रोड स्थित बागवानियों के मोहल्ले के वीर चमत्कारेश्वर हनुमान मंदिर में समस्त भक्त जनों की ओर से 25 जनवरी शनिवार को पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए शुक्रवार को 24 घंटे के लिए विद्वान पंडितों के सानिध्य में विधि विधान पूर्वक अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ है।

'विद्यार्थी समाज की पूँजी, शिक्षक मजबूत भविष्य की नींव डालें'

- राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय बनेठी में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन

कोटपूतली। निकटवर्ती ग्राम बनेठी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय में वार्षिकोत्सव, भामाशाह एवं विधार्थी सम्मान समारोह का आयोजन विधायक हंसराज पटेल के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पटेल ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन के साथ किया। इस मौके पर विधार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि पटेल ने कहा कि विधार्थी केवल अपने परिवार की ही नहीं बल्कि पुरे देश व समाज की पूँजी है। जिनके कंधों पर हमारा भविष्य निर्भर है। ऐसे में शिक्षकों को चाहिये कि देश के मजबूत भविष्य के लिये विधार्थी रूपी इस आने वाली पीढ़ी को तैयार करें। इस मौके पर विधालय विकास में सहयोग करने वाले भामाशाहों व उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले विधार्थियों को सम्मानित किया गया।

अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि देवी सिंह तंवर ने की। प्रधानाचार्य राजकुमार बैरवा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन विजय कुमार जांगिड़ ने किया।

इस मौके पर पूर्व प्रधान विक्रम सिंह तंवर, पूर्व सरपंच सुरेश सिंह, पंसस प्रतिनिधि मनोज कुमावत, श्याम लाल वर्मा, सुरेन्द्र सिंह तंवर, बेगराज सिंह, राकेश पाल सिंह, नरेन्द्र सिंह, विजेन्द्र सिंह, मंगेज सिंह, बलवीर वर्मा, कप्तान धर्मवीर सिंह, रोहिताश कुमावत व श्रीराम शर्मा समेत बड़ी संख्या में अतिथि, ग्रामीण मौजूद रहे।

विद्यालयों के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए धनकड़

- जीवन में सपने ऊँचे देखो लेकिन उन सपनों को पूरा करने के लिये दृढ़ इच्छा शक्ति का मजबूत होना भी बहुत आवश्यक- धनकड

पावटा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के नर्मदा देवी बिहारी लाल जोशी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आंतेला,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बागावास चौरासी, महात्मा गांधी विद्यालय मेड में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड उपस्थित रहें। वहीं कार्यक्रमों में अध्यक्षता पावटा सीबीईओ, आंतेला सरपंच जयराम नागर, बागावास चौरासी सरपंच चौथी देवी, मेड सरपंच बीना रातावाल ने की।सर्वप्रथम उन्होंने आगंतुक अतिथियों व विद्यालय परिवार के साथ मां भारती एवं मां सरस्वती की छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट स्वागत करते हुए मोमेंटो से सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम में छात्र - छात्राओं ने स्वागत गीत, राजस्थानी लोक संगीत और देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए हुए विधायक कुलदीप धनकड ने कहां कि जीवन में बच्चों को संस्कार एवं अनुशासन का पहला पाठ माता-पिता से बच्चों को मिलता है उसके बाद संस्कारों का दूसरा पाठ विद्यालय से मिलता है यह संस्कार ओर अनुशासन ही जीवन के अन्तिम लक्ष्य तक हमारे काम आते हैं कोई भी कितना बढ़ा आदमी बन जाये यदि उसके जीवन में संस्कार नहीं हैं तो वह बड़ा आदमी तो हो सकता है लेकिन एक अच्छा इंसान नहीं बन सकता। जीवन में सपने ऊँचे देखो लेकिन उन सपनों को पूरा करने के लिये आपकी दृढ़ इच्छा शक्ति का मजबूत होना भी बहुत आवश्यक है।

'शत्रु और मित्र से समभाव रखना ही सामायिक है'

- श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में आयोजित भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान में मंडप पर श्रीफल चढये श्रद्धालु

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज संघ के सानिध्य में आयोजित 16 दिवसीय भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान के चलते श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर पर कई धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष सुनील भाणजा, प्रवक्ता विमल जौंला व युवा समाजसेवी हितेश छाबड़ा ने बताया कि भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान में शुक्रवार को पण्डित सुरेशकुमार शास्त्री के निर्देशन एवं जैन मुनि बालाचार्य इंद्रनन्दी महाराज संघ के सानिध्य में भगवान शांतिनाथ के अभिषेक एवं शांतिधारा की गई।

मुकेश बनेठा ने बताया कि भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान में सोधर्म इंद्र चेतन कुमार, अक्षय कुमार व अंकित कुमार आन्डरा टोंक वालों को सौभाग्य मिला व भागचंद राजेश सुनील बनेठा, राजेंद्र राकेश शिवाड़, हुकम व अशोक सेदरिया को इन्द्र बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

भक्तामर महामंडल के सभी इन्द्र इन्द्राणियों ने मण्डप पर 241 श्रीफल अघ्र्य समर्पित किए एवं 3 काव्यों की संगीतमय पूजा अर्चना करते हुए भक्ति नृत्य किए। आचार्यश्री ने बताया कि पहचान व्यक्ति के जीवन की सबसे बड़ी इच्छा रहती है। लोग उसे पहचाने। लेकिन शरीर, पद, धन, संपदा के दम पर बनी हुई पहचान को बदलते देर नहीं लगती है।

विधि की व्यवस्था में स्थायित्व नाम का कोई शब्द नहीं है क्योंकि समय अपने अनुसार परिस्थितियों को बदलते हुए आगे चलता है। वैसे भी व्यक्ति अपनी पहचान का अधिकांश भाग अपनी ही कल्पना से गढता है। इस दौरान विष्णु बोहरा, महावीर पराणा, प्रदीप बड़ागांव, रामपाल जैन, बंटी कठमाणा, महावीरप्रसाद छाबड़ा, नरेश बड़ागांव, पवन चैनपुरा, धर्मचंद सारसोप, कमलेश जैन टोंक, राजकुमार गर्ग व ऋषभ भाणजा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।